# CDS EXAM (I), 2021

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

क्रम संख्या **टी. बी. सी. : XVWS-D-GNL** परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

121425

## परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य ज्ञान

# A

*समय : दो घण्टे* *पूर्णांक : 100*

### अनुदेश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें ।
2. कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर *और कुछ न* लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में 120 प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए *केवल एक ही* प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर *ही* अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें ।
6. *सभी* प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर *केवल उत्तर-पत्रक* अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

1. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही *नहीं* है ?

(a) वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की गणना सामान्य क़ीमतों पर विभिन्न वर्षों के उत्पादन के मूल्यांकन के आधार पर की जाती है ।

(b) संभाव्य सकल घरेलू उत्पाद वह वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद है जिसका उत्पादन, अर्थव्यवस्था अपने संसाधनों का पूर्ण उपयोग करने की स्थिति में करती है ।

(c) सांकेतिक सकल घरेलू उत्पाद की गणना स्थिर क़ीमतों पर विभिन्न वर्षों के उत्पादन के मूल्यांकन के आधार पर की जाती है ।

(d) प्रति व्यक्ति वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद, वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद को जनसंख्या से विभाजित करने पर प्राप्त अनुपात है ।

2. नौकरी संबंधी रिक्तियों के क्षेत्रीय अथवा व्यावसायिक पैटर्न और कामगारों की उपलब्धता के पैटर्न में मेल न होने पर निम्नलिखित में से क्या परिणाम होता है ?

(a) संरचनात्मक बेरोज़गारी

(b) प्रच्छन्न बेरोज़गारी

(c) परिवर्तित बेरोज़गारी

(d) चक्रीय बेरोज़गारी

3. किसी अर्थव्यवस्था में ऐसी स्थिति को क्या कहते हैं जहाँ त्वरित मुद्रास्फीति (क़ीमतों का बढ़ता स्तर) के साथ वृद्धि धीमी गति से हो ?

(a) गतिरोध

(b) अपस्फीति

(c) स्फीति संबद्ध गतिरोध

(d) मंदी

4. सरकारी व्यय में वृद्धि से प्रेरित निजी निवेश व्यय में वृद्धि को क्या कहते हैं ?

(a) (निजी निवेश का) अंतर्गमन (क्राउडिंग इन)

(b) घाटे की वित्त व्यवस्था (डेफिसिट फाइनेंसिंग)

(c) (निजी निवेश का) बहिर्गमन (क्राउडिंग आउट)

(d) (निजी निवेश का) भरमार से बाहर निकलना (पंपिंग आउट)

5. ऐसी परिसम्पत्ति या परिसम्पत्तियों को क्या कहते हैं जिन्हें कोई उधारकर्ता किसी कर्ज़ की चुकौती की गारंटी स्वरूप गिरवी रखे ?

(a) चेक

(b) समर्थक ऋणाधार (कोलेटरल)

(c) गारंटी कार्ड

(d) बॉण्ड

6. उस प्रतिशतता को क्या कहते हैं जिसके द्वारा उधारकर्ता उधार ली गई राशि से अधिक राशि चुकाता है ?

(a) बैंक दर

(b) सांकेतिक ब्याज दर

(c) वास्तविक ब्याज दर

(d) ऋण की शर्तें

7. 1931 के गाँधी-इरविन समझौते से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?

(a) सरकार उन कैदियों को नहीं छोड़ेगी जो अहिंसक रहे ।

(b) सरकार उन कैदियों को नहीं छोड़ेगी जो शराब और विदेशी-वस्त्र की दुकानों पर शांतिपूर्ण धरने पर बैठे थे ।

(c) काँग्रेस 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' के स्थगन के लिए सहमत नहीं हुई ।

(d) काँग्रेस दूसरे गोलमेज़ सम्मेलन में भाग लेने के लिए सहमत थी ।

1. Which one of the following statements is ***not*** correct ?

(a) Real GDP is calculated by valuing outputs of different years at common prices.

(b) Potential GDP is the real GDP that the economy would produce if its resources were fully employed.

(c) Nominal GDP is calculated by valuing outputs of different years at constant prices.

(d) Real GDP per capita is the ratio of real GDP divided by population.

2. The mismatch in the regional or occupational pattern of job vacancies and the pattern of worker availability results in

(a) Structural unemployment

(b) Disguised unemployment

(c) Altered unemployment

(d) Cyclical unemployment

3. The situation in an economy which is growing slowly along with rapid inflation (rising price level) is called

(a) Stagnation

(b) Deflation

(c) Stagflation

(d) Recession

4. The increase in private investment spending induced by the increase in Government spending is known as

(a) Crowding in

(b) Deficit financing

(c) Crowding out

(d) Pumping out

5. The asset or assets that a borrower pledges in order to guarantee repayment of a loan is called as

(a) Cheque

(b) Collateral

(c) Guarantee card

(d) Bond

6. The percentage by which the money the borrower pays back exceeds the money that was borrowed is called as

(a) Bank rate

(b) Nominal interest rate

(c) Real interest rate

(d) Terms of credit

7. Which one of the following statements about the Gandhi-Irwin Pact of 1931 is correct ?

(a) The Government would not release those prisoners who had been non-violent.

(b) The Government would not release those prisoners who had indulged in the peaceful picketing of liquor and foreign cloth shops.

(c) The Congress did not agree to the suspension of the Civil Disobedience Movement.

(d) The Congress agreed to take part in the Second Round Table Conference.

8. वर्ष 1922 में 'भील सेवा मंडल' की स्थापना निम्नलिखित में से किसने की थी ?

(a) दयाराम गिडुमल

(b) गुरुसदय दत्त

(c) धोंडो केशव कर्वे

(d) अमृतलाल विट्ठलदास ठक्कर

9. वर्ष 1911 में, निम्नलिखित में से किसने भारत में अनिवार्य और निःशुल्क प्राथमिक शिक्षा आरंभ करने के लिए इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल में विधेयक प्रस्तुत किया था ?

(a) दादाभाई नौरोजी

(b) बाल गंगाधर तिलक

(c) सर हारकोर्ट बटलर

(d) गोपाल कृष्ण गोखले

10. 'भारत में दासत्व' से संबंधित 1843 के अधिनियम V के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?

(a) इसके द्वारा स्वामियों को यह अधिकार दिया गया कि वे अपने दासों को स्वेच्छा से अपनी भूसंपदा के लिए बँधुआ की तरह रख सकें ।

(b) इसके द्वारा स्वामियों को अपने दासों पर दावा करने के लिए न्यायालय जाने से वंचित किया गया ।

(c) परित्याग के मामलों को सुलझाने के लिए न्यायालयों और स्वामियों ने संयुक्त रूप से कार्य किया ।

(d) दास भूमि के स्वामी बन गए ।

11. किस मराठा राजनेता ने 31 दिसम्बर, 1802 को 'बसई (बसीन) सन्धि' पर हस्ताक्षर किए थे ?

(a) बाजी राव II

(b) विठुजी होल्कर

(c) दौलत राव सिंधिया

(d) माधव राव नारायण

12. *अमर-नायक* प्रणाली निम्नलिखित में से किन भारतीय साम्राज्यिक शासकों की प्रमुख नवीन राजनीतिक खोज थी ?

(a) चोल

(b) चालुक्य

(c) गुप्त

(d) विजयनगर

13. किरन (प्रोत्साहन के माध्यम से अनुसंधान प्रगति में ज्ञान समावेश) KIRAN (Knowledge Involvement in Research Advancement through Nurturing) किन महिला वैज्ञानिकों को अवसर प्रदान करने की एक पहल है ?

(a) जिन्होंने पारिवारिक कारणों से अपने कैरियर (पेशे) को बीच में छोड़ दिया

(b) जो जीव विज्ञान (लाइफ साइंस) के क्षेत्र में नवीन अनुसंधान कर रही हैं

(c) जिनके पास विदेशों में स्थित प्रयोगशालाओं के साथ सहयोगी परियोजनाएँ हैं

(d) जिनके पास नैनो-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी नवीन परियोजनाएँ हैं

8. Who among the following founded the Bhil Seva Mandal in 1922 ?

(a) Dayaram Gidumal

(b) Gurusaday Dutt

(c) Dhondo Keshav Karve

(d) Amritlal Vithaldas Thakkar

9. In 1911, who among the following introduced a bill in the Imperial Legislative Council for introduction of compulsory and free primary education in India ?

(a) Dadabhai Naoroji

(b) Bal Gangadhar Tilak

(c) Sir Harcourt Butler

(d) Gopal Krishna Gokhale

10. Which one of the following statements about the Act V of 1843 relating to Slavery in India is correct ?

(a) It gave the masters the right to wilfully keep their slaves tied to their estates.

(b) It denied the masters the use of Courts to assert their claims on slaves.

(c) The Law Courts and masters worked jointly in resolving the cases of desertion.

(d) The slaves became the owners of the land.

11. Which Maratha statesman signed the Treaty of Bassein on December 31, 1802 ?

(a) Baji Rao II

(b) Vithuji Holkar

(c) Daulat Rao Sindhia

(d) Madhava Rao Narayan

12. The *Amara-Nayaka* system was a major political innovation of which Indian imperial rulers ?

(a) Cholas

(b) Chalukyas

(c) Guptas

(d) Vijayanagara

13. KIRAN (Knowledge Involvement in Research Advancement through Nurturing) is an initiative to provide opportunities to women scientists who

(a) had a break in their career due to family reasons.

(b) are pursuing innovative research in life sciences.

(c) have collaborative projects with labs in foreign countries.

(d) have leading edge projects in Nano-Science and Technology.

14. निधि (NIDHI) निम्नलिखित में से किनके प्रोत्साहन के लिए सर्वसमावेशी योजना (अंब्रेला स्कीम) है ?

(a) युवा एवं उच्चाकांक्षी नवप्रवर्तकों के लिए

(b) वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए

(c) प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए

(d) ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा के लिए

15. सौभाग्य स्कीम का उद्देश्य सर्वव्यापी रूप से क्या प्रदान करना है ?

(a) एल.पी.जी. कनेक्शन

(b) घरों (हाउसहोल्ड) का विद्युतीकरण

(c) प्राथमिक स्कूली शिक्षा

(d) जन-स्वास्थ्य बीमा

16. मिशन इन्द्रधनुष का उद्देश्य है

(a) न्यूमोनिया के कारण होने वाली शिशु मृत्यु को कम करना ।

(b) रोटावायरस के प्रभाव को कम करना ।

(c) मातृक टिटेनस रोग को समाप्त करना ।

(d) शिशुओं का पूर्ण प्रतिरक्षण ।

17. दीन दयाल उपाध्याय – ग्रामीण कौशल्य योजना (डी.डी.यू. – जी.के.वाई.) के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(a) यह एक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम है ।

(b) यह ग़रीब परिवारों के ग्रामीण युवाओं के लिए है ।

(c) इसका उद्देश्य मज़दूरी रोज़गार देना है ।

(d) यह सरकारी एजेंसियों द्वारा दिए जाने वाले कौशल प्रशिक्षण पर पूर्ण रूप से निर्भर है ।

18. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के बारे में सही है ?

1. यह भारत सरकार की ग़रीबी कम करने संबंधी कार्यनीति का हिस्सा है ।

2. यह ग्रामीण विकास के लिए केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना है ।

3. यह ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क प्रदान करती है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 2

19. समुद्र में भारत की प्रादेशिक सीमा का विस्तार कहाँ तक है ?

(a) 10 समुद्री मील

(b) 12 समुद्री मील

(c) 14 समुद्री मील

(d) 15 समुद्री मील

20. निम्नलिखित में से कौन-सी शीत महासागरीय जलधारा है ?

(a) ब्राज़ील जलधारा

(b) गल्फ स्ट्रीम

(c) उत्तरी विषुवतीय जलधारा

(d) कैलिफोर्निया जलधारा

14. NIDHI is an umbrella scheme for the promotion of

(a) young and aspiring innovators.

(b) scientific research.

(c) primary health care.

(d) primary education in rural areas.

15. The Saubhagya Scheme aims at universal

(a) LPG connection.

(b) household electrification.

(c) primary school education.

(d) public health insurance.

16. Mission Indradhanush aims at

(a) reducing child deaths due to pneumonia.

(b) reducing the impact of rotavirus.

(c) elimination of maternal tetanus.

(d) full immunisation of children.

17. Which one of the following statements about the DDU – GKY is ***not*** correct ?

(a) It is a skill training programme.

(b) It is for rural youth from poor families.

(c) Its objective is placement in wage employment.

(d) It relies entirely on skill training by Government agencies.

18. Which of the following statements about the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana are correct ?

1. It is part of Government of India's poverty reduction strategy.
2. It is a centrally sponsored scheme for rural development.
3. It provides connectivity in rural areas.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1 and 2 only

19. India's territorial limit extends towards the sea up to

(a) 10 nautical miles

(b) 12 nautical miles

(c) 14 nautical miles

(d) 15 nautical miles

20. Which one of the following is a cold ocean current ?

(a) Brazilian Current

(b) Gulf Stream

(c) North Equatorial Current

(d) California Current

**21.** दी गई विशेषताओं के आधार पर मृदा के प्रकार की पहचान कीजिए :

1. इनमें चूना, लौह, मैग्नीशिया और ऐलुमिना प्रचुर मात्रा में होती हैं ।
2. ये सामान्यत: मृत्तिकामय, गभीर और अपारगम्य होती हैं ।
3. ये मुख्यत: महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात में पाई जाती हैं ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) लैटेराइट मृदा
(b) लाल एवं पीत मृदा
(c) लवण मृदा
(d) काली मृदा

**22.** अरेबिका, रोबस्टा और लाइबेरिका निम्नलिखित में से किसकी किस्में हैं ?

(a) कॉफी
(b) चाय
(c) गन्ना
(d) कपास

**23.** ऐलुमिनियम का निर्माण किससे होता है ?

(a) ताम्र अयस्क से
(b) बॉक्साइट अयस्क से
(c) अभ्रक अयस्क से
(d) मैंगनीज़ अयस्क से

**24.** जापान को लौह-अयस्क के निर्यात के लिए निम्नलिखित समुद्री पत्तनों में से किसे महत्त्व मिला ?

(a) कॉंडला
(b) एन्नोर
(c) कोच्चि
(d) मोरमुगांव

**25.** निम्नलिखित में से कौन-सा मुद्रा का कार्य ***नहीं*** है ?

(a) विनिमय प्रक्रिया में मध्यस्थ के रूप में कार्य करना
(b) मूल्य-संचय के रूप में कार्य करना
(c) लेखा इकाई के रूप में प्रयुक्त
(d) उपभोग विनियमित करने के लिए प्रयुक्त

**26.** वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद का संतुलन स्तर, संभाव्य सकल घरेलू उत्पाद से कम हो, तो उस स्थिति को क्या कहते हैं ?

(a) मंदी अंतराल
(b) मुद्रास्फीति अंतराल
(c) माँग-प्रेरित मुद्रास्फीति
(d) आपूर्ति-प्रेरित मुद्रास्फीति

**27.** सरकार की कुल प्राप्तियों से अधिक अतिरिक्त कुल व्यय, जिसमें ऋण शामिल नहीं हैं, क्या कहलाता है ?

(a) प्राथमिक घाटा
(b) राजकोषीय घाटा
(c) चालू घाटा
(d) पूँजीगत घाटा

**28.** विनिमय दर एक मुद्रा के मूल्य को अन्य मुद्राओं के सापेक्ष दर्शाती है । मुद्रा की विनिमय-दर के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?

(a) अस्थायी विनिमय दरें ऐसी दरें होती हैं जिसमें सरकारें अपनी मुद्रा को खरीद कर या बेच कर हस्तक्षेप करती हैं ।
(b) नियत विनिमय दरें ऐसी दरें होती हैं जिन्हें सरकारी निर्णयों द्वारा नियत किया जाता है और जो सरकारी कार्रवाई द्वारा क़ायम रखी जाती हैं ।
(c) 'ब्रेटन वुड्स प्रणाली' के अन्तर्गत विनिमय दरें सोने की क़ीमतों में उतार-चढ़ाव के अनुसार जारी (फ्लोट) की जाती हैं ।
(d) क्लासिकी स्वर्ण मानक के अन्तर्गत विनिमय दरें, डॉलर की क़ीमत के अनुसार नियत की जाती हैं ।

**21.** Identify the type of soil on the basis of the given characteristics :

1. They are rich in lime, iron, magnesia and alumina.
2. They are generally clayey, deep and impermeable.
3. They are mainly found in Maharashtra, Madhya Pradesh and Gujarat.

Select the correct answer from the given alternatives :

(a) Laterite soil

(b) Red and yellow soil

(c) Saline soil

(d) Black soil

**22.** Arabica, Robusta and Liberica are varieties of

(a) Coffee

(b) Tea

(c) Sugarcane

(d) Cotton

**23.** Aluminium is manufactured from

(a) Copper ore

(b) Bauxite ore

(c) Mica ore

(d) Manganese ore

**24.** Which one of the following sea ports gained significance for handling iron-ore exports to Japan ?

(a) Kandla

(b) Ennore

(c) Kochi

(d) Mormugao

**25.** Which one of the following is ***not*** a function of money ?

(a) Acts as an intermediate in the exchange process

(b) Acts as a store of value

(c) Used as the unit of account

(d) Used for regulating consumption

**26.** The situation where the equilibrium level of real GDP falls short of potential GDP is known as

(a) Recessionary gap

(b) Inflationary gap

(c) Demand-side inflation

(d) Supply-side inflation

**27.** The excess of total expenditure of Government over its total receipts, excluding borrowings, is known as

(a) Primary deficit

(b) Fiscal deficit

(c) Current deficit

(d) Capital deficit

**28.** Exchange rates state the value of one currency in terms of other currencies. Which one of the following statements with respect to the exchange rate of currency is correct ?

(a) Floating exchange rates are rates in which the Governments interfere by buying or selling their currencies.

(b) Fixed exchange rates are rates set by Government decisions and maintained by Government actions.

(c) Under the Bretton Woods System, the exchange rates are floated in terms of rise or fall in price of gold.

(d) Under the classical gold standard, the exchange rates are fixed in terms of price of dollar.

**29.** फ्राँस्वा बर्नियर निम्नलिखित में से किसके चिकित्सक थे ?

(a) राजकुमार मुराद

(b) राजकुमारी जहाँआरा

(c) सम्राट शाहजहाँ

(d) राजकुमार दारा शिक़ोह

**30.** निम्नलिखित में से कौन-सी ब्रिटिश फर्म सूरजमल-नागरमल ग्रुप ने ले ली थी ?

(a) मैक्लियोड

(b) ऑक्टेवियस स्टील

(c) डेवनपोर्ट

(d) एन्ड्रयू यूल

**31.** रैयतवाड़ी बन्दोबस्त के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(a) रैयतवाड़ी बन्दोबस्त दक्षिण और पश्चिमी भारत में अपनाया गया ।

(b) सैद्धान्तिक रूप में रैयतवाड़ी रैयत और राज्य के बीच एक प्रत्यक्ष संविदा थी ।

(c) यह एक कर-संविदा थी जो सामान्यत: 30 वर्ष के लिए वैध थी ।

(d) सैद्धान्तिक रूप में, इससे पूर्ववर्ती अभिजात-वर्ग अर्थात् ज़मींदार और अधिक मज़बूत हुए और किसान वर्ग और अधिक कमज़ोर ।

**32.** ब्रिटिश भारतीय चिकित्सा सेवा (आई.एम.एस.) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(a) आई.एम.एस. वर्ष 1764 में आरंभ हुई ।

(b) इसमें प्रतियोगी परीक्षा द्वारा स्वास्थ्य व्यावसायिकों की भर्ती की जाती थी ।

(c) आई.एम.एस. में भारतीयों को कभी प्रवेश नहीं दिया जाता था ।

(d) प्रारंभ में आई.एम.एस. सेना की देखभाल के लिए थी ।

**33.** ईस्ट इंडिया कंपनी ने चीनी व्यापार का एकाधिकार कब खो दिया ?

(a) 1813

(b) 1833

(c) 1838

(d) 1860

**34.** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष कौन हैं ?

(a) प्रधान मंत्री

(b) गृह मंत्री

(c) राष्ट्रपति

(d) स्वास्थ्य मंत्री

**35.** संसद में 'निर्णायक मत' के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. अध्यक्ष अथवा उस रूप में कार्य करने वाला व्यक्ति यह मत देता है ।
2. प्रथम बार मतदान के अतिरिक्त यह मत दिया जाता है ।
3. मत बराबर होने की दशा में यह मत दिया जाता है ।
4. यथास्थिति बनाए रखने के लिए हमेशा यह मत दिया जाता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 4

(d) केवल 3

**36.** भारत के राज्यक्षेत्र में विधि के समक्ष समता अथवा विधियों के समान संरक्षण की गारंटी, भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अंतर्गत दी गई है ?

(a) अनुच्छेद 14

(b) अनुच्छेद 15

(c) अनुच्छेद 16

(d) अनुच्छेद 22

**29.** François Bernier was physician to

(a) Prince Murad

(b) Princess Jahanara

(c) Emperor Shah Jahan

(d) Prince Dara Shikoh

**30.** Which one of the following British firms was taken over by Soorajmull-Nagarmull group ?

(a) McLeod

(b) Octavius Steel

(c) Davenport

(d) Andrew Yule

**31.** Which one of the following statements with regard to ryotwari settlement is ***not*** correct ?

(a) In southern and western India, the ryotwari settlement was adopted.

(b) Ryotwari was in principle a direct contract between the ryot and the state.

(c) It means a tax contract valid for usually 30 years.

(d) In principle, it strengthened the former elite, the zamindars and weakened the peasantry.

**32.** Which one of the following statements about the British Indian Medical Service (IMS) is ***not*** correct ?

(a) IMS began in 1764.

(b) It recruited health professionals by means of a competitive examination.

(c) Indians were never admitted to IMS.

(d) The IMS was at first meant to look after the troops.

**33.** When was the monopoly of China trade lost by East India Company ?

(a) 1813

(b) 1833

(c) 1838

(d) 1860

**34.** National Disaster Management Authority is headed by

(a) the Prime Minister.

(b) the Home Minister.

(c) the President.

(d) the Health Minister.

**35.** Which of the following statements regarding the 'casting vote' in the Parliament is/are correct ?

1. It is cast by the speaker or a person acting as such.
2. It is cast in addition to voting in the first instance.
3. It is cast in the case of equality of votes.
4. It is always cast to maintain the status quo.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 4 only

(d) 3 only

**36.** Equality before the law or equal protection of the laws within the territory of India is guaranteed under which one of the following Articles of the Constitution of India ?

(a) Article 14

(b) Article 15

(c) Article 16

(d) Article 22

**37.** 'विधिक प्रत्यक्षवाद' का सिद्धांत किसके द्वारा विकसित किया गया ?

(a) टी.एच. ग्रीन

(b) थॉमस हॉब्स

(c) जॉन ऑस्टिन

(d) पैट्रिक डेवलिन

**38.** निम्नलिखित में से किसने कहा कि लोकतंत्र का अर्थ 'सम्मति से शासन' की प्रणाली है ?

(a) जॉन लॉक

(b) जे.एस. मिल

(c) जेरेमी बेंथम

(d) जे.जे. रूसो

**39.** मिल्पा और लदांग निम्नलिखित में से किसके अन्य नाम हैं ?

(a) झूम खेती

(b) मिश्रित कृषि

(c) ट्रक कृषि

(d) बागान खेती

**40.** मानव विकास के निम्नलिखित में से किस दृष्टिकोण का प्रस्ताव प्रारंभ में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आई.एल.ओ.) द्वारा किया गया और स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन, जलापूर्ति, स्वच्छता और आवासन पर बल दिया गया ?

(a) कल्याण दृष्टिकोण

(b) मूलभूत आवश्यकता दृष्टिकोण

(c) आय दृष्टिकोण

(d) सामर्थ्य दृष्टिकोण

**41.** सिंधु नदी की निम्नलिखित में से कौन-सी सहायक नदी भाखड़ा नांगल परियोजना की नहर-प्रणाली को पानी की आपूर्ति करती है ?

(a) चेनाब

(b) सतलज

(c) रावी

(d) झेलम

**42.** जब नदियाँ सभी दिशाओं से अपना पानी किसी झील अथवा गर्त में प्रवाहित करती हैं, तो उस पैटर्न को क्या कहा जाता है ?

(a) जालायित (ट्रेलिस)

(b) द्रुमाकृतिक (डेंड्रिटिक)

(c) अरीय (रेडियल)

(d) अभिकेंद्री (सेंट्रीपीटल)

**43.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कोरिऑलिस बल के बारे में सही ***नहीं*** है ?

(a) यह बल ध्रुवों पर अधिकतम होता है ।

(b) यह बल भूमध्यरेखा पर नहीं होता है ।

(c) यह बल दक्षिणी गोलार्ध में वायु को दायीं दिशा में विक्षेपित करता है ।

(d) यह बल उत्तरी गोलार्ध में वायु को दायीं दिशा में विक्षेपित करता है ।

**44.** मराठाओं और ब्रिटिश के बीच निम्नलिखित संधियों/कन्वेंशनों को कालक्रमानुसार (सबसे पहले से शुरुआत करते हुए) व्यवस्थित कीजिए :

1. सालबाई की संधि
2. पुरन्दर की संधि
3. वडगाँव का कन्वेंशन
4. सूरत की संधि

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) 4-2-3-1

(b) 4-3-2-1

(c) 1-3-2-4

(d) 1-2-3-4

37. 'Legal Positivism' theory was developed by

(a) T.H. Green

(b) Thomas Hobbes

(c) John Austin

(d) Patrick Devlin

38. Who among the following said that Democracy means a system of 'Government by Consent' ?

(a) John Locke

(b) J.S. Mill

(c) Jeremy Bentham

(d) J.J. Rousseau

39. Milpa and Ladang are different names for

(a) shifting cultivation.

(b) mixed farming.

(c) truck farming.

(d) plantation agriculture.

40. Which one of the following approaches of human development was initially proposed by the International Labour Organisation (ILO) and emphasised on health, education, food, water supply, sanitation and housing ?

(a) Welfare approach

(b) Basic needs approach

(c) Income approach

(d) Capability approach

41. Which one of the following tributaries of river Indus feeds the canal system of the Bhakra Nangal Project ?

(a) Chenab

(b) Satluj

(c) Ravi

(d) Jhelum

42. When the rivers discharge their waters from all directions into a lake or depression, the pattern is known as

(a) Trellis

(b) Dendritic

(c) Radial

(d) Centripetal

43. Which one of the following statements about the Coriolis force is ***not*** correct ?

(a) It is maximum at the Poles.

(b) It is absent at the Equator.

(c) It deflects the wind to the right direction in the southern hemisphere.

(d) It deflects the wind to the right direction in the northern hemisphere.

44. Chronologically arrange the following treaties/conventions signed between the Marathas and the British (starting with the earliest) :

1. Treaty of Salbai
2. Treaty of Purandar
3. Convention of Wadgaon
4. Treaty of Surat

Select the correct answer using the code given below :

(a) 4-2-3-1

(b) 4-3-2-1

(c) 1-3-2-4

(d) 1-2-3-4

45. संन्यासी और फ़क़ीर अशांति/विद्रोह के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं ?

1. गवर्नर-जनरल वारेन हेस्टिंग्स ने बंगाल और बिहार में निरंतर संन्यासी और फ़क़ीर अशांतियों का सामना किया ।
2. अनेक शैवपंथी नागा संन्यासियों ने सशस्त्र दल बनाया ।
3. मजनू शाह, जिसने 1771 से बंगाल की ओर दलों का नेतृत्व किया, उनका प्रमुख नेता था ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) 1, 2 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 1 और 3

46. वर्ष 1943 में, महाराष्ट्र के निम्नलिखित किस जिले में युवा नेताओं ने स्वयंसेवक कोर (सेवा दलों) और ग्राम इकाइयों (तूफ़ान दलों) के साथ मिलकर समांतर सरकार (प्रति सरकार) बनाई थी ?

(a) पुणे
(b) नासिक
(c) नागपुर
(d) सतारा

47. किसने बनारस में सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल की स्थापना की, जो बाद में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय बना ?

(a) मदन मोहन मालवीय
(b) एनी बेसेन्ट
(c) ईश्वर चंद्र विद्यासागर
(d) मैडम एच.पी. ब्लावाट्स्की

48. निम्नलिखित में से कौन-सा केन्द्रीकरण की विशेषता *नहीं* है ?

(a) राष्ट्रीय एकता
(b) एकरूपता
(c) समृद्धि
(d) स्वाधीनता

49. निम्नलिखित में से कौन-सा नीति (NITI) आयोग का उद्देश्य *नहीं* है ?

(a) यह विकास प्रक्रिया के लिए महत्त्वपूर्ण दिशा और कार्यनीतिगत सूचना (इनपुट) उपलब्ध करता है ।
(b) यह नीति के प्रमुख तत्त्व उपलब्ध करने में 'चिंतक मंडल' के रूप में कार्य करता है ।
(c) यह कार्यक्रमों के कार्यान्वयन पर निगरानी रखता है और उसका मूल्यांकन करता है ।
(d) यह अंतर-राज्य विवादों के समाधान के लिए 'समग्र उपाय प्रदाता' (प्रोवाइडर ऑफ फर्स्ट एंड लास्ट रिसोर्ट) के रूप में एक मंच प्रदान करता है ।

50. भारत के संविधान का अनुच्छेद 231 निम्नलिखित में से किसे दो या अधिक राज्यों के लिए एक ही उच्च न्यायालय की स्थापना करने की शक्ति प्रदान करता है ?

(a) संसद
(b) उच्चतम न्यायालय
(c) भारत के राष्ट्रपति
(d) केन्द्रीय मंत्रिमंडल

45. Which of the following statements about the Sanyasi and Faqir disturbances/rebellions are correct ?

1. Governor-General Warren Hastings faced the persistent Sanyasi and Faqir disturbances in Bengal and Bihar.
2. There were a number of Shaivite Naga Sanyasis who formed into armed bands.
3. Majnu Shah, who led bands into Bengal from 1771, was their prominent leader.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1, 2 and 3
(c) 2 and 3 only
(d) 1 and 3 only

46. In 1943, young leaders in which one of the following districts of Maharashtra set up a parallel Government (*prati sarkar*) with volunteer corps (*seva dals*) and village units (*tufan dals*) ?

(a) Pune
(b) Nasik
(c) Nagpur
(d) Satara

47. Who founded the Central Hindu School at Benaras which was later developed into Benaras Hindu University ?

(a) Madan Mohan Malaviya
(b) Annie Besant
(c) Ishwar Chandra Vidyasagar
(d) Madame H.P. Blavatsky

48. Which one among the following is ***not*** a feature of centralization ?

(a) National unity
(b) Uniformity
(c) Prosperity
(d) Liberty

49. Which one of the following is ***not*** an objective of NITI Aayog ?

(a) It provides a critical direction and strategic input for development process.
(b) It functions as a 'think tank' in providing key elements of policy.
(c) It monitors and evaluates the implementation of the programmes.
(d) It offers a platform for resolution of inter-state conflicts as 'provider of first and last resort'.

50. Article 231 of the Constitution of India grants power to establish a common High Court for two or more states to

(a) the Parliament.
(b) the Supreme Court.
(c) the President of India.
(d) the Union Cabinet.

51. संसद में किसी सामान्य विधेयक को प्रस्तुत करते समय निम्नलिखित में से कौन-सा प्रस्ताव ***नहीं*** किया जा सकता है ?

(a) यह कि विधेयक पर विचार किया जाए

(b) यह कि जनता की राय प्राप्त करने के प्रयोजन से विधेयक को परिचालित किया जाए

(c) यह कि विधेयक को किसी प्रवर समिति को भेजा जाए

(d) विधेयक को दूसरे सदन की सहमति के बिना सदन की किसी संयुक्त समिति को भेजा जाए

52. संसद के 44वें संशोधन अधिनियम द्वारा निम्नलिखित में से किसे विलोपित किया गया ?

(a) शोषण के विरुद्ध अधिकार

(b) सांविधानिक उपचारों का अधिकार

(c) संपत्ति का अधिकार

(d) शिक्षा का अधिकार

53. निम्नलिखित विशेषताओं के आधार पर फ़सल की पहचान कीजिए :

1. यह खरीफ की फ़सल है ।
2. एक कृषि वर्ष में इसकी तीन विभिन्न वर्धन अवधियाँ आउस, अमन और बोरो हैं ।
3. भारत की कुल एक-चौथाई कृषि भूमि में इसकी खेती होती है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) गेहूँ

(b) चावल

(c) दाल

(d) कपास

54. निम्नलिखित में से कौन-सा आग्नेय चट्टान का एक प्रकार है ?

(a) मार्बल

(b) हैलाइट

(c) ग्रैनाइट

(d) शेल

55. ओज़ोन परत, जो पराबैंगनी विकिरण को अवशोषित करती है, वायुमंडल की निम्नलिखित में से किस परत में पाई जाती है ?

(a) आयनमंडल

(b) क्षोभमंडल

(c) मध्यमंडल

(d) समतापमंडल

56. भूकंपों की प्राथमिक तरंगों के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(a) ये ध्वनि तरंगों जैसी होती हैं ।

(b) ये केवल ठोस पदार्थों में से होकर गमन कर सकती हैं ।

(c) ये गैसीय, तरल और ठोस पदार्थों में से होकर गमन करती हैं ।

(d) ये तेज़ी से गति करती हैं और सतह पर सबसे पहले पहुँचती हैं ।

**51.** Which one among the following motions ***cannot*** be made while introducing an ordinary Bill in the Parliament ?

(a) That the Bill be taken into consideration

(b) That the Bill be circulated for the purpose of eliciting public opinion

(c) That the Bill be referred to a Select Committee

(d) That the Bill be referred to a Joint Committee of the House without the concurrence of the other House

**52.** Which one among the following was eliminated by the 44$^{th}$ Amendment Act of the Parliament ?

(a) Right against Exploitation

(b) Right to Constitutional Remedies

(c) Right to Property

(d) Right to Education

**53.** Identify the crop on the basis of the following characteristics :

1. It is a kharif crop.
2. Aus, Aman and Boro are its three different growing periods in an agricultural year.
3. About one-fourth of the total cropped area of India is under its cultivation.

Select the correct answer using the code given below :

(a) Wheat

(b) Rice

(c) Pulses

(d) Cotton

**54.** Which one of the following is a type of igneous rock ?

(a) Marble

(b) Halite

(c) Granite

(d) Shale

**55.** Ozone layer, which absorbs the ultra-violet radiation, is found in which one of the following layers of the atmosphere ?

(a) Ionosphere

(b) Troposphere

(c) Mesosphere

(d) Stratosphere

**56.** Which one of the following statements about primary waves of earthquakes is ***not*** correct ?

(a) They are similar to sound waves.

(b) They can travel only through solid materials.

(c) They travel through gaseous, liquid and solid materials.

(d) They move faster and are the first to arrive at the surface.

57. जलोढ मृदा की प्रकृति बलुई दुमट से लेकर चिकनी मिट्टी तक भिन्न-भिन्न होती है । इसमें सामान्यत:

(a) पोटैश कम और फ़ॉस्फ़ोरस प्रचुर मात्रा में होता है ।

(b) पोटैश और फ़ॉस्फ़ोरस दोनों ही कम मात्रा में होते हैं ।

(c) पोटैश और फ़ॉस्फ़ोरस दोनों ही प्रचुर मात्रा में होते हैं ।

(d) पोटैश प्रचुर और फ़ॉस्फ़ोरस कम मात्रा में होता है ।

58. निम्नलिखित में से कौन 'लोकहितवादी' के रूप में लोकप्रिय थे ?

(a) गोपाल हरि देशमुख

(b) महादेव गोविन्द रानाडे

(c) गोपाल कृष्ण गोखले

(d) ज्योतिबा फुले

59. निम्नलिखित में से किस समाजवादी कार्यकर्ता ने गाँधीजी को नमक सत्याग्रह आंदोलन को केवल पुरुषों तक सीमित *नहीं* रखने के लिए मनाया ?

(a) कमलादेवी चट्टोपाध्याय

(b) सरोजिनी नायडू

(c) मातंगिनी हाज़रा

(d) मिठुबेन पेटिट

60. निम्नलिखित में से कौन-सा चित्रकार हुमायूँ से संबद्ध *नहीं* था ?

(a) मीर सईद अली

(b) मौलाना दोस्त मुसाविर

(c) मौलाना यूसुफ

(d) बिहज़ाद

61. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

| *सूची I (लेखक)* | *सूची II (काव्य कृति)* |
|---|---|
| A. बृन्दावन दास | 1. *शिवसंकीर्तन* |
| B. कृष्णदास कविराज | 2. *चंडीमंगल* |
| C. मुकुन्दराम चक्रवर्ती | 3. *चैतन्यचरितामृत* |
| D. रामेश्वर भट्टाचार्य | 4. *चैतन्यमंगल* |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

62. अकबर के दरबार में निम्नलिखित में से किस विद्वान ने भास्कराचार्य की '*लीलावती*' का फ़ारसी में अनुवाद किया ?

(a) अबुल फ़ज़ल

(b) फैज़ी

(c) फ़थुल्ला शिराज़ी

(d) अताउल्लाह रशीदी

63. निम्नलिखित में से राष्ट्रीय संविधान प्रकार्य समीक्षा आयोग (नेशनल कमीशन फॉर रिव्यू ऑफ दि वर्किंग ऑफ दि कॉन्स्टिट्यूशन) (2000) के अध्यक्ष कौन थे ?

(a) न्यायमूर्ति एम.एन. वैंकटचेलैया

(b) न्यायमूर्ति जे.एस. वर्मा

(c) न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्र

(d) न्यायमूर्ति वाई.के. सभरवाल

57. Alluvial soils vary in nature from sandy loam to clay. They are generally

(a) poor in potash and rich in phosphorus.

(b) poor in both potash and phosphorus.

(c) rich in both potash and phosphorus.

(d) rich in potash and poor in phosphorus.

58. Who among the following was popularly known as 'Lokahitwadi' ?

(a) Gopal Hari Deshmukh

(b) Mahadev Govind Ranade

(c) Gopal Krishna Gokhale

(d) Jyotiba Phule

59. Who among the following socialist activists persuaded Gandhiji ***not*** to restrict the salt march protest to men alone ?

(a) Kamaladevi Chattopadhyay

(b) Sarojini Naidu

(c) Matangini Hazra

(d) Mithuben Petit

60. Which one of the following painters was ***not*** associated with Humayun ?

(a) Mir Sayyid Ali

(b) Maulana Dost Musawir

(c) Maulana Yusuf

(d) Bihzad

61. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| | *List I (Author)* | *List II (Poetical work)* |
|---|---|---|
| A. | Brindavan Das | 1. *Shivasankirttan* |
| B. | Krishnadas Kaviraj | 2. *Chandimangal* |
| C. | Mukundaram Chakravarti | 3. *Chaitanyacharitamrita* |
| D. | Rameshwar Bhattacharya | 4. *Chaitanyamangal* |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

